## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–03.12.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चंडीगढ़ में नए आपराधिक कानूनों को राष्ट्र को किया समर्पित, कहा– ये नए कानून भारत को औपनिवेशिक मानसिकता से करेंगे मुक्त।
- हेमंत सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल का होगा पांच दिसंबर को विस्तार, झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रीयो भट्टाचार्य ने कहा झारखंड के सभी पांचो प्रमंडलों का रहेगा प्रतिनिधित्व।
- टेंडर कमीशन घोटाला मामले में आरोपित झारखंड के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज।
- मौसम विभाग ने पांच दिसंबर के बाद राज्य में कड़ाके की ठंड पड़ने का जताया पूर्वानुमान, तापमान में आयेगी पांच डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट।

***************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज चंडीगढ़ में नए आपराधिक कानूनों को राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि नए आपराधिक कानूनों का लागू होना उन आदर्शों को पूरा करने की दिशा में एक ठोस कदम है, जिनकी परिकल्पना हमारे संविधान में की गई थी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इन कानूनों का उद्देश्य; विधि प्रणाली को अधिक पारदर्शी, कुशल और समकालीन समाज की जरूरतों के अनुकूल बनाना है। श्री मोदी ने कहा कि ये नए कानून भारत को औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त करेंगे।

इस अवसर पर उपस्थित केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि न्याय प्रणाली अब पूर्णतः भारतीय बन गई है।

***************

केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि सरकार महिलाओं के विकास के प्रति वचनबद्ध है। सरकार महिला नेतृत्व वाले विकास की दिशा में आगे बढ रही है। नई दिल्ली में आज एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण हर क्षेत्र में महिलाओं को नेतृत्व का अवसर प्रदान करते हुए महिला केन्द्रित विकास हासिल करना है।

तीन नये आपराधिक कानूनों को लेकर श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि इन कानूनों के जरिये सरकार का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के विरूद्ध आपराधिक मामलों में अपराधियों को सिर्फ सजा देने के बजाय पीडितों को न्याय भी प्रदान करना है।

***************

आज अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस है। इस मौके पर झारखंड समेत देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में दिव्यांगों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार 2024 प्रदान किए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि इस पुरस्कार के विजेता समाज के लिए रोल मॉडल बनकर उभर रहे हैं।

***************

आगामी पांच दिसंबर को हेमंत सोरेन सरकार के होने वाले कैबिनेट विस्तार पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव और वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि नई कैबिनेट अनुभवी ऊर्जावान और समावेशी प्रतिनिधित्व वाली होगी। उन्होंने कहा कि कैबिनेट में झारखंड के सभी पांचो प्रमंडल का प्रतिनिधित्व रहेगा। श्री भट्टाचार्य ने कहा कि कैबिनेट में युवा, महिला और किसान का प्रतिनिधित्व देखने को मिलेगा।

***************

टेंडर कमीशन घोटाला मामले में आरोपित झारखंड के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की डिस्चार्ज पिटीशन कोर्ट से खारिज हो गई है। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने आज फैसला सुनाते हुए डिस्चार्ज पिटीशन खारिज कर दी है। आलम की ओर से 25 नवंबर को डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की गयी थी। गौरतलब है कि ईडी ने 15 मई को आलमगीर आलम को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद से वे जेल में बंद है।

***************

आज से देवघर और मुम्बई के बीच सीधी विमान सेवा शुरू हो गई है।

यह सेवा सप्ताह में तीन दिन मंगलवार गुरुवार और शनिवार को उपलब्ध रहेगी। देवघर एयरपोर्ट पर नागरिक उड्डयन मंत्री राम नायडू और सांसद निशिकांत दुबे ने संयुक्त रूप से विमान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर इंडिगो के अधिकारी मौजूद थे। श्री नायडू ने इंडिगो के अधिकारियों को दिल्ली से देवघर के लिए भी विमान चालू करने का आदेश दिया।

***************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज राजधानी रांची में मेकॉन चौक से सिरमटोली चौक तक बन रहे निर्माणाधीन फ्लाईओवर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने फ्लाईओवर के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से फ्लाईओवर की विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और फ्लाईओवर को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया।

अपने एक्स हैंडल पर उन्होंने यह जानाकारी साझा करते हुए लिखा कि रांची को जल्द ही एक और फ्लाई ओवर मिलेगा।

***************

वर्ष 1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध में दुश्मन के छक्के छुड़ा देने वाले परमवीर अल्बर्ट एक्का का आज शहादत दिवस है। इस मौके पर झारखंड समेत पूरा देश उनकी वीरता को याद कर रहा है। इस अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है।

***************

देश के पहले राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की आज जयंती है। उनकी जयंती पर पूरा देश उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। प्रधानमंत्री ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में भारतीय लोकतंत्र की मजबूत नींव रखने में अमूल्य योगदान दिया।

***************

रांची के नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि अलग अलग थाना क्षेत्र से गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से चोरी की पांच बाइक, एक स्कूटी और एक पिस्टल बरामद किया गया। नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि सात अभियुक्त में एक शातिर अपराधी है। इस शातिर अपराधी पर हत्या, लूट और आर्म्स एक्ट समेत अलग–अलग 13 मामले दर्ज है।

***************

मौसम विभाग ने पांच दिसंबर के बाद राज्य में कड़ाके की ठंड पड़ने का पूर्वानुमान जताया है। विभाग के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस दौरान तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जायेगी। उन्होंने कहा कि तापमान में गिरावट आने से ठंड बढ़ेगी और सुबह–शाम ठंडी हवा चलने की भी संभावना है।

******समाप्त******